# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा/माध्य/मा–स/विविध परीक्षा/22496/2018–19/ दिनांक : 05.01.2023

**समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं**
**पदेन जिला परियोजना समन्वयक**
**समग्र शिक्षा**

**विषय :–** बोर्ड द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के सफल आयोजन के सम्बन्ध में।

**प्रसंग :–** सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर का पत्रांक : प.8(57)RSSB/ प.आ./परीक्षा तिथि निर्धारण (विविध)/2021–22/537 दिनांक : 14.12.2022 एवं पत्रांक : प.8(57)RSSB/ प.आ./परीक्षा तिथि निर्धारण (विविध)/2021–22/534 दिनांक : 12.12.2022 एवं विज्ञप्ति कमांक : प.8(90)RSSB/ प.आ. /CET (स्नातक स्तर)/2022/574 दिनांक : 27.12.2022

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा विभिन्न परीक्षाओं के सफल आयोजन बाबत् प्राप्त पत्र के कम में अपने क्षेत्राधिकार में सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा के सफल संचालन हेतु आवश्यकतानुसार केन्द्राधीक्षक/वीक्षक/कार्मिक उपलब्ध करवाते हुए निम्नानुसार परीक्षाओं का सफलतापूर्वक आयोजन में हरसंभव सहयोग प्रदान करावें :–

| क.सं. | परीक्षा का नाम | संभावित परीक्षा दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | CET-I समान पात्रता परीक्षा–2022 (Graduation Level) | **7, 8 जनवरी, 2023** |
| 2 | CET-II समान पात्रता परीक्षा–2022 (Senior Secondary Level) | **4, 5 एवं 11 फरवरी, 2023** |
| 3 | सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (संविदा) भर्ती–2022 | **19 फरवरी, 2023** |
| 4 | अध्यापक प्राथमिक (लेवल–1) एवं उच्च प्राथमिक (लेवल–II) विद्यालय अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा–2022 | **25, 26, 27, 28 फरवरी, 2023** |

परीक्षा दिवस को जहां भी परीक्षा आयोजित है, उन सभी जिलों की सम्बन्धित शिक्षण संस्थाओं के परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजन के दिन राजपत्रित अवकाश न होने की स्थिति में परीक्षा आयोजन की उल्लिखित तिथियों को विद्यार्थियों हेतु शैक्षिक अवकाश रहेगा।

**संलग्न – यथोक्त।**

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

**(गौरव अग्रवाल)**
**आइ.ए.एस.**
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

**प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

01. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग, जयपुर।
02. सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर।
03. सिस्टम ऐनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने बाबत्।
04. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
05. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक/प्रारम्भिक।
06. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।

उप निदेशक (माध्यमिक),
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018

www.rsmssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.8(90)RSSB / प.आ. / CET (स्नातक स्तर) / 2022 / 574 दिनांकः 27/12/2022

## विज्ञप्ति

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के विज्ञापन संख्या 09 / 2022 क्रमांक 875 दिनांकः 21.09.2022, के द्वारा समान पात्रता परीक्षा **(Common eligibility test) (स्नाताक स्तर)** सीधी भर्ती परीक्षा– 2022 के लिए आवेदन पत्र आमन्त्रित किये गये थे एवं इसके पश्चात संशोधित विज्ञप्ति क्रमांक SP1 दिनांक 31.10.2022 को जारी की गयी थी। इसके अन्तर्गत ही उक्तांकित परीक्षा का आयोजन निम्नांकित तालिका में वर्णित कार्यक्रमानुसार किया जावेगाः–

| क्र.सं. | परीक्षा का नाम | परीक्षा दिनांक | परीक्षा का समय |
|---|---|---|---|
| 1. | **समान पात्रता परीक्षा (स्नातक स्तर)** (Common eligibility test) (Graduation level) –2022 | 07.01.2023 (शनिवार) **(प्रथम चरण)** | प्रातः 09:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक |
| | | 07.01.2023 (शनिवार) **(द्वितीय चरण)** | अपरान्ह 02.30 बजे से सांय 05.30 बजे तक |
| | | 08.01.2023 (रविवार) **(तृतीय चरण)** | प्रातः 09:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक |
| | | 08.01.2023 (रविवार) **(चतुर्थ चरण)** | अपरान्ह 02.30 बजे से सांय 05.30 बजे तक |

Rajasthan Education Department

**अतः उपरोक्त परीक्षा के अभ्यर्थियों को निम्नानुसार सूचित किया जाता है किः–**

1. आवेदक यह सुनिश्चित कर लें कि वे बोर्ड कार्यालय की उक्त विज्ञप्तियों के अनुसार निर्धारित पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता रखते हैं।
2. बोर्ड द्वारा परीक्षार्थियों को अलग से प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे। उक्त परीक्षा के अभ्यर्थी **दिनांक 30.12.2022 से "प्रोविजनल ई– प्रवेश पत्र" बोर्ड की वेबसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in से यथाशीघ्र डाउनलोड** कर लें। अभ्यर्थी अपने **प्रोविजनल ई– प्रवेश पत्र' वेबसाइट** https://recruitement.rajasthan.gov.in से भी डाउनलोड कर सकते है।
   डाउनलोड करने के स्टेप निम्न प्रकार है :–
   1. Enter Url https://recruitement.rajasthan.gov.in/
   2. Click on Get Admit Card Option.
   3. Click on Get Admit Card Option of Recruitement to download the admit card.
   4. Enter Your Application number and DOB

   अभ्यर्थीयों को उनके **प्रोविजनल ई– प्रवेश पत्र'** उनके द्वारा आवेदन पत्र में दर्ज किये गये मोबाईल नम्बर के WhatsApp पर "Rajasthan State Recruitement Portal" (WhatsApp number 9461062046) से भी डाउनलोड / रिसीव कर सकते है।
3. परीक्षा केन्द्रों पर नकल की रोकथाम के लिए बहुत ही प्रभावी उपाय किये गये हैं। परीक्षा में नकल कराने के नाम पर ठगी कराने वाले गिरोह के किसी झांसे / बहकावे में नहीं आवें। अभ्यर्थी किसी भी प्रकार से नकल करने का प्रयास न करें। नकल करने के प्रयास में पकड़े जाने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के साथ आपकी परीक्षा निरस्त होने एवं आगे आयोजित होने वाली बोर्ड की परीक्षाओं में भाग लेने से रोक लगने से आपका कैरियर समाप्त हो सकता है।
4. रेल / बस की छत या पायदान पर बैठकर / खड़े होकर यात्रा नहीं करें। परीक्षा केन्द्र पर एवं यात्रा के दौरान अनुशासन बनाये रखें अन्यथा आपके विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज होने पर आपकी परीक्षा निरस्तीकरण की कार्यवाही भी की जा सकती है।
5. **अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित परीक्षा समय के 1½ घण्टे पूर्व अपनी उपस्थिति दे देवें ताकि तलाशी के उपरान्त आप समय पर परीक्षा कक्ष में नियत स्थान पर बैठ सकें। परीक्षा प्रारम्भ होने के नियत समय से 1 घंटे पूर्व तक परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी ठीक 1 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र का प्रवेश द्वार बन्द कर दिया जावेगा एवं इसके पश्चात किसी भी स्थिति में परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा इसलिए परीक्षार्थी समय का विशेष ध्यान रखें।**
6. कोरोना (कोविड–19) वैश्विक महामारी से बचाव के लिए सामाजिक दूरी से सम्बन्धित जारी दिशा निर्देशों की आवश्यक रूप से पालना करें।

7. परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी को मास्क लगा कर आना अनिवार्य है। बिना मास्क के परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

8. परीक्षा केन्द्र के प्रवेश द्वार पर कोविड–19 के मध्यनजर अभ्यर्थियों के हैण्ड सेनेटाइजर/वॉश एवं तापमान माप की व्यवस्था की जा रही है, जिसमें अपेक्षित सहयोग करें।

9. परीक्षा केन्द्र पर अपना प्रोविजनल ई–प्रवेश पत्र, एक मूल फोटोयुक्त पहचान–पत्र यथा–मतदाता पहचान–पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लायसेन्स आदि में से कोई एक, उपस्थिति पत्रक पर चस्पा करने हेतु 2.5cm×2.5cm साईज के नवीनतम **रंगीन फोटो** एवं नीले रंग की स्याही का एक पारदर्शी बाल पैन साथ लेकर आवें। इनके अलावा कोई अन्य सामग्री परीक्षा केन्द्र पर लेकर नहीं आवें।

10. परीक्षा केन्द्र में फोटोयुक्त पहचान पत्र के आधार पर पहचान सुनिश्चित हो जाने एवं तलाशी के उपरान्त ही आपको प्रवेश दिया जायेगा। इस कार्य के लिए नियुक्त कार्मिकों को आप पूर्ण सहयोग दें।

11. परीक्षा केन्द्र में आपको किसी भी प्रकार की घड़ी पहनकर प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी, अतः घड़ी पहनकर नहीं आवें। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में अपने साथ नीले रंग का पारदर्शी बॉल पैन के अलावा किसी प्रकार का पैन, पानी की बोतल, पर्स, बैग, ज्योमैट्री/पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, तख्ती/पैड/गत्ता, पैनड्राइव, रबर, लॉग टेबिल, स्कैनर, किताबें, नोटबुक, पर्चियां, व्हाइटनर, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, ईयरफोन, माइक्रोफोन एवं पेजर, अन्य किसी प्रकार का संचार उपकरण, स्लाईड रूल, किसी भी प्रकार का हथियार आदि लेकर परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश नहीं दिया जायेगा। केन्द्र पर इनके सुरक्षित रखने की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण आप इन्हें केन्द्र पर लेकर नहीं आवें।

12. ऐसे विशेष योग्यजन परीक्षार्थी जिन्हें बोर्ड के उक्त विज्ञापन के अनुसार परीक्षा के दौरान श्रुतलेखक देय है, वे सक्षम चिकित्सा अधिकारी के चिकित्सा प्रमाण–पत्र के साथ अपना आवेदन पत्र सम्बन्धित केन्द्राधीक्षक को परीक्षा दिवस से तीन दिन पूर्व अवश्य प्रस्तुत कर देवें अन्यथा श्रुतलेखक की सुविधा उपलब्ध कराया जाना सम्भव नहीं होगा।

13. परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए परीक्षार्थी को निर्धारित ड्रेस कोड में आना अनिवार्य है **तथा कोरोना (कोविड–19) के दृष्टिगत परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी को मास्क लगाकर आना भी अनिवार्य है।** ड्रेस कोड एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट पर जारी विस्तृत विज्ञप्ति अवश्य देखें। ड्रेस कोड की पालना नहीं करने पर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जावेगा।

1. कोट, टाई, मफलर, जाकेट, जरकिन, ब्लेजर, शॉल आदि पहन कर नहीं आवें। परीक्षार्थी शर्ट, बिना जेब वाली गर्म जर्सी/स्वेटर जिनमें बड़े बटन नहीं लगे हों, पहनकर आवें। शर्ट में किसी तरह का बैज आदि नहीं लगा हो या ऐसे कपड़े जिसमें आपत्तिजनक सामग्री आदि छुपाये जाने की संभावना हो, पहनकर नहीं आवें। महिलायें अपने बालों में रबर बैण्ड या साधारण किस्म की हेयरपिन लगा कर आ सकती हैं। **समस्त परीक्षार्थी मास्क भी आवश्यक रूप से पहनकर आवें।**
2. परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र पर तलाशी के समय अपना गर्म स्वेटर, जर्सी उतार कर/सिर से स्कार्फ आदि हटाकर तलाशी देनी होगी।
3. परीक्षार्थियों को पूरी आस्तीन का कुर्ता, शर्ट, ब्लाउज आदि पहन कर एवं अपनी वेशभूषा में बड़ा बटन, किसी प्रकार के ब्रोच (जडाऊ पिन) या बैज या फूल आदि लगा कर आने की अनुमति नहीं होगी।
4. परीक्षार्थियों को लाख/कांच की पतली चूडियों के अलावा किसी भी प्रकार के जेवरात यथा अन्य प्रकार की चूडियां, कान की बाली (Earring), अंगूठी, ब्रासलेट आदि पहनकर आने की अनुमति नहीं होगी।
5. परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में किसी भी प्रकार की घड़ी, सैण्डल, मौजे, धूप का चश्मा, बैल्ट, हैण्ड बैग, हेयर पिन, गण्डा/ताबीज, कैप/हैट, स्कार्फ, स्टॉल, शॉल, मफलर पहनकर परीक्षा में शामिल नहीं होंगे।
6. गृह विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर द्वारा जारी परिपत्र क्रमांकः प.27(14) गृह–1/2008 दिनांक 04.12.2019 के अनुसार सिख धर्म के अभ्यर्थियों को कड़ा, कृपाण एवं पगड़ी आदि धार्मिक प्रतीकों को धारण कर परीक्षा में शामिल होने हेतु अनुमति दी जाये। इस धर्म के अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर एक घन्टा तीस मिनिट पूर्व उपस्थित होना होगा एवं यदि स्क्रीनिंग के दौरान किसी सिख अभ्यर्थी द्वारा उपरोक्त वर्णित प्रतीकों में कोई संदेहास्पद उपकरण (Suspect Device) ले जाना पाया जाये तो उसे परीक्षा हॉल में नहीं ले जाने दिया जाये।
7. यदि किसी वस्तु को पहनकर आने में या ड्रेस कोड़ में शामिल होने के संबंध में कोई संदेह/विवाद हो तो इस संबंध में केन्द्र पर परीक्षा से जुड़े हुए अधिकारी का निर्णय मान्य होगा।

उक्त ड्रेस कोड़ में आने पर ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया जावेगा



Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

14. परीक्षा आयोजन के बाद यथा समय बोर्ड द्वारा मास्टर प्रश्न पत्र एवं उसकी उत्तर कुंजी बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड की जावेगी। परीक्षार्थियों से उत्तर कुंजी अपलोड होने के बाद 72 घण्टे की अवधि में प्रश्न पत्र/उत्तर कुंजी पर आपत्तियां आमन्त्रित की जावेंगी। प्रत्येक आपत्ति के लिए परीक्षार्थी को निर्धारित शुल्क रू. 100/– (रू. एक सौ मात्र) निर्धारित प्रक्रिया से जमा कराना होगा अन्यथा आपत्ति रजिस्टचर नहीं होगी।

15. परीक्षा केन्द्र के सम्बन्ध में किसी कठिनाई की स्थिति में परीक्षार्थी द्वारा उस केन्द्र के जिले से सम्बन्धित परीक्षा समन्वयक एवं जिला नियन्त्रण कक्ष, जिनके दूरभाष नम्बर बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध होंगे, से सम्पर्क किया जा सकता है

16. **परीक्षाओं के सम्बन्ध में विभिन्न सोशल मीडिया पर किये जा रहे भ्रामक प्रचार पर विश्वास न करें। बोर्ड द्वारा राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित समाचार–पत्रों में एवं बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित विज्ञप्ति द्वारा दी गई जानकारी को ही अधिकृत माना जावे।**

17. नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in का नियमित रूप से अवलोकन करें।

(सुनील पूनियाँ)
सचिव

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018

www.rsmssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.8(57)RSSB / प.आ. / परीक्षा तिथी निर्धारण(विविध) / 2021–22 / 534 दिनांकः 12/12/2022

## संशोधित परीक्षा कलैण्डर (समय सारणी) वर्ष 2023

(आगामी आयोजित होने वाली परीक्षाओ का कलैण्डर)

| क्र.सं. | परीक्षा का नाम | संभावित परीक्षा दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | समान पात्रता परीक्षा (सीनियर सैकण्डरी स्तर) 2022 | 4, 5, 11 फरवरी 2023 |
| 02 | सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (संविदा) भर्ती –2022 | 19 फरवरी 2023 |

उक्त परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम यथा समय जारी कर दिया जायेगा नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए समय–समय पर बोर्ड की वेबसाइट https://rsmssb.rajasthan.gov.in का अवलोकन करे।

(सुनील पूनियां)
सचिव

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

क्रमांकः प.8(57)RSSB / प.आ. / परीक्षा तिथी निर्धारण(विविध) / 2021–22 / दिनांकः

1. प्रभारी, आई टी अनुभाग उक्त परीक्षा कार्यक्रम को बोर्ड की वेबसाईट पर जारी करावे।

सचिव

RD 02/01/22

ER = 209355593
19/12/22

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018

www.rsmssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.8(57)RSSB / प.आ. / परीक्षा तिथि निर्धारण (विविध) / 2021–22 / 537 दिनांकः 14/12/2022

निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा विभाग,
बीकानेर, राजस्थान।

**विषयः– बोर्ड द्वारा आयोजित आगामी परीक्षा तिथियों के कार्यक्रम के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि बोर्ड द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार परीक्षा आयोजित किया जाना प्रस्तावित हैः–

| क्र.सं. | परीक्षा का नाम | परीक्षा आयोजन का संभावित दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | **राजस्थान प्राथमिक (लेवल–I) एवं उच्च प्राथमिक (लेवल–II) विद्यालय अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा–2022** | 25, 26, 27, 28 फरवरी 2023 |

अतः निवेदन है कि आपके विभाग द्वारा जो भी कार्यक्रम रखे जावें उक्त दिनांको को मध्यनजर रखते हुए ही तिथि निश्चित करावें। उक्त तिथियों को विद्यालयों / शिक्षा संस्थानों में किसी प्रकार के कार्यक्रम तथा आंतरिक विद्यालय स्तर के कोई परीक्षा कार्यक्रम निर्धारित नही कराने का श्रम करावें ताकि उक्त परीक्षा कार्यक्रम प्रभावित ना हो।

भवदीय,

(सुनील पूनिया)
सचिव

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते